दिनांक : 24/06/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के बीच टेलीफोन पर बातचीत, रास लाफान हादसे पर जताई संवेदना।
2. मुख्यमंत्री मोहन यादव आज भोपाल में करेंगे साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ।
3. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान बोले- अल नीनो के असर से निपटने के लिए सरकार कर रही अग्रिम तैयारियां, 315 जिले हो सकते हैं प्रभावित।
4. प्रदेश में दो-तीन दिन में दाखिल होगा मानसून, आज 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट।

पीएम- कतर शेख बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के साथ टेलीफोन पर बात की है। कतर के अमीर ने कल कतर के रास लाफान शहर में हुए हादसे में भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर दुख जताया और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करने के लिए धन्यवाद किया और घायलों को तुरंत चिकित्सीय मदद पहुँचाने के लिए श्री थानी की सराहना की।

पीएम मोदी- ब्रिक्स देश

नई दिल्ली में 16वीं ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बैठक के समापन पर कल ब्रिक्स देशों के सुरक्षा सलाहकारों और वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल में ब्रिक्स की भूमिका अहम है और यह आतंकवाद, साइबर सुरक्षा जैसी साझा चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। दो दिवसीय बैठक में ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, सप्लाई चेन और साइबर सुरक्षा जैसे गैर-पारंपरिक सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

सीएम- सेफ क्लिक 2.0 अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल में राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश पुलिस के इस अभियान का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की मौजूदगी में इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और साइबर जागरूकता बुकलेट का विमोचन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रदेश भर में जनजागरूकता के लिए श्साइबर जागरूकता रथश् को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

अल नीनो-मानसून- शिवराज सिंह चैहान

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि सरकार अल नीनो के कारण मानसून के संभावित दुष्प्रभाव से निपटने में किसानों की मदद के लिए खरीफ फसल के लिए अग्रिम तैयारियां कर रही है। उन्होंने बताया कि देश में अब तक लगभग 43 प्रतिशत कम वर्षा हुई है और लगभग 315 जिले सामान्य से कम वर्षा से प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें 111 जिले उच्च प्राथमिकता वाले हैं। श्री चैहान ने कहा कि राज्यों को दलहन, मोटे अनाज और तिलहन जैसी कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देने की सलाह दी गई है।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में 5 हजार 960 करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल 2026 से अगले 5 वर्षों तक जारी रखने के लिए करीब 1,740 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में 225 शासकीय माध्यमिक शालाओं को हाई स्कूल और 300 हाई स्कूलों को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की योजना को सैद्धांतिक स्वीकृति मिली, जिस पर 635 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण देने की नई शर्तों को मंजूरी दी गई है।

सिकल सेल-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के पास अचारपुरा में पांच दिवसीय शिल्पकार महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के साथ जनजातीय समाज के विकास के लिए राज्य सरकार कार्य रही है। डॉ. यादव ने कहा कि कई पीढ़ियां प्रभावित करने वाली बीमारी सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग नियंत्रण और उपचार की दिशा में राज्य सरकार काम कर रही है।

पद्म पुरस्कार- मुख्यमंत्री बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के मोहन नागर और भगवान दास रैकवार को पद्मश्री सम्मान मिलने पर हार्दिक बधाई दी है। मोहन नागर को यह सम्मान पर्यावरण एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए मिला है, जिसके चलते लोग उन्हें श्जल पुरुषश् भी कहते हैं। वहीं बुंदेलखंड की प्राचीन शस्त्र कला अखाड़ा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले भगवान दास रैकवार को यह सम्मान मरणोपरांत दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल शाम नई दिल्ली में पद्म पुरस्कार समारोह में यह सम्मान प्रदान किए।

यूसीसी-मुख्यमंत्री

प्रदेश में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी का ड्राफ्ट 5 जुलाई तक तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कैबिनेट बैठक में बताया कि सरकार ने साढ़े तीन करोड़ लोगों

को ऑनलाइन लिंक भेजकर सुझाव मांगे थे, जिनमें से 9 लाख लोगों ने अपनी राय दी। मुख्यमंत्री के मुताबिक 90 प्रतिशत से अधिक लोगों ने यूसीसी लागू करने का समर्थन किया है, जिनमें अल्पसंख्यक समाज के लोग भी शामिल हैं। यूसीसी पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में बनी कमेटी 5 जुलाई तक ड्राफ्ट सरकार को सौंपेगी, जिसे बाद में विधानसभा सत्र में पेश करने की तैयारी है।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान- रिजल्ट

प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान ने वर्ष 2025-26 बोर्ड परीक्षा कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। प्रदेश में कक्षा 5वीं का परिणाम 53.80 प्रतिशत, कक्षा 8वीं का 57.70 प्रतिशत, कक्षा 10वीं का 66.80 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 77.80 प्रतिशत रहा है। कक्षा 10वीं में शासकीय आवासीय कन्या संस्कृत विद्यालय गार्गी भोपाल की छात्रा रौनक ने 90.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में इसी विद्यालय की छात्रा सुजाता मीना ने 89.80 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया।

राज्य वित्त आयोग- भोपाल दौरा

राज्य वित्त आयोग आज भोपाल संभाग के दौरे पर रहेगा और नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सुझाव लेगा। आयोग अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया सहित सदस्य वी.आई.पी. सर्किट हाउस में दोपहर 12 बजे से सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर 3 बजे संभाग आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ वृहद समीक्षात्मक बैठक होगी। बैठक में निकायों की वित्तीय मजबूती, स्वच्छता, पेयजल और राजस्व स्रोतों में वृद्धि के उपायों पर चर्चा होगी।

कोचिंग सेंटर, शिवपुरी-कार्रवाई

शिवपुरी जिला प्रशासन ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर कार्रवाई की है। प्रशासन ने कल 8 कोचिंग एवं शैक्षणिक संस्थानों को सील कर दिया। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर हुए निरीक्षण में कई संस्थानों में अग्निशमन यंत्र, फायर एनओसी और आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभाव पाया गया। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम-प्रदेश

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून अगले दो से तीन दिनों में बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते प्रदेश में दाखिल हो जाएगा। मौसम विभाग ने मुताबिक आज प्रदेश के 42 जिलों

में तेज आंधी के साथ बारिश के आसार हैं। इसके अलावा नरसिंहपुर में हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया गया है। वहीं ग्वालियर, भिंड, मुरैना सहित कई जिलों में गर्मी का असर बना रहेगा।

महिला टी-20 वर्ल्ड कप

महिला टी-20 वर्ल्ड कप में आज मेजबान इंग्लैंड का सामना वेस्टइंडीज से होगा, और यह मुकाबला जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह पक्की कर लेगी। ग्रुप-बी में शामिल दोनों टीमों के अब तक 6-6 अंक हैं, हालांकि बेहतर रनरेट के चलते इंग्लैंड टॉप पर है। दोनों टीमों ने अपने सभी तीन-तीन मुकाबले जीते हैं, इंग्लैंड ने श्रीलंका, आयरलैंड और स्कॉटलैंड को हराया, जबकि वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड और श्रीलंका से जीत दर्ज की।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. शिवपुरी जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में नारकोटिक्स एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक आयोजित की गई।
2. आगरमालवा में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की कार्यशाला में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।
3. झाबुआ में जनजातीय कार्य, शिक्षा विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के छात्रावासों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी छात्रावासों में शत-प्रतिशत प्रवेश करने संबंधी निर्देश दिए।
4. छिंदवाड़ा में परिवहन विभाग ने शहरी क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चला कर लगभग 50 स्कूल वाहनों की जांच की।
5. नर्मदापुरम में गौवंश को लेकर विकासखंड स्तरीय मैत्री गौ सेवक सम्मेलन में विस्तार से चर्चा की गई।
6. खंडवा में कल आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।
7. इंदौर में शहर के कोचिंग सेंटरों, रेस्टोरेंट्स और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी नियमों की सघन जांच की जा रही है।
8. कटनी में ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में वन अधिकार अधिनियम 2006 के उन्मुखीकरण के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
9. राजगढ़ में जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं के 140 आवेदन का निराकरण किया।

-------------